हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 9 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 जामगांव आर को ब्लाक बनाने की मांग जायज, किया जाएगा पूरा...


10 प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रोजगार योजना के...





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड- 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि- 11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# ऋषि पंचमी पर सियादेवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, जड़ी-बूटी लेने पहुंचीं बैगाओं की टोलियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के प्रमुख प्रसिद्ध मंदिरों में शामिल सियादेवी मंदिर में ऋषि पंचमी पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। तीज और ऋषि पंचमी होने के कारण सियादेवी मंदिर में श्रद्धालु सुबह से ही हजारों की संख्या में मंदिर पहुँचकर पूजा अर्चना करते नजर आए। वहीं, तीज पर्व के अवसर पर अधिकांश महिलाएं अपने परिवार के साथ मंदिर माताजी की दर्शन के लिए पहुंचे हुए थे, तो वहीं ऋषि पंचमी होने के कारण सियादेवी मंदिर में बैगाओं की टोली मंदिर दर्शन करने के साथ ही जंगलों में घूम कर जड़ी बूटी इकट्ठा करती नजर आई।

सियादेवी का जंगल वन औषधी के साथ ही विभिन्न जड़ी बूटी के लिए प्रसिद्ध है, जिसके कारण बैगाओं की टोली सियादेवी मंदिर के जंगल में हजारों की संख्या में पहुंचे हुए थे। इसके कारण मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बहुत ज्यादा देखने को मिली।

**ऋषि पंचमी पर विशेष उत्साह देखने को मिला:** ऋषि पंचमी के दिन बैगा पूरा दिन उपवास रह कर घने जंगलों में जड़ी बूटी की खोज में जगलों में घूमते नजर आए। जो जड़ी-बूटी की जानकारी रखते हैं, उनके लिए इस ऋषि पंचमी का अपना एक अलग ही महत्व है। बैगाओं व जड़ी बूटी से जुड़े लोग प्रकृति से मिली विभिन्न तरह के जड़ी–बूटी व कंद, मूल, फल की पहचान कर उसे एकत्र करते हैं वहीं जंगलों से प्राप्त जड़ी बूटी के साथ ही कुंदरू, करेला, लाई व चीला रोटी को अपने गुरु के पास रख कर विशेष पूजा अर्चना करते हैं। वहीं ऋषि पंचमी से जुड़े लोग हरेली त्यौहार के दिन से कुंदरू, करेला, भजिया, चना, लाई जैसे लगभग सात प्रकार की सामग्रियों का सेवन करने से ऋषि पंचमी तक परहेज करते हैं। आपको बता दे कि यह परंपरा बहुत पुरानी है, जिसे आज भी ग्रामीण व वनांचल क्षेत्र में बैगा निभा रहे हैं।

## बैगाओं ने आसपास के जंगलों से एकत्रित की जड़ी-बूटियां



### ऋषि पंचमी पर जड़ी-बूटी का विशेष महत्व

जानकारों की मानें तो ऋषि पंचमी के दिन बैगा जंगलों में जाकर जड़ी-बूटी और कंद मूल लेकर वापस अपने गुरु के पास आकर पूजा अर्चना करने के बाद यही जड़ी बूटी और कंद मूल का प्रसाद बनाकर आपस में खाते हैं और आम लोगों को भी बांट देते हैं। इसे खाने से शरीर के सारे रोग तथा कष्ट दूर हो जाते हैं और शरीर स्वस्थ हो जाता है। वहीं, बुरी शक्तियों के प्रभाव रोकने के साथ ही सांप बिच्छू दंश से बचाने के लिए ऋषि पंचमी का विशेष महत्व है। इस तरह की मान्यता होने की जानकारी बैगाओं ने बताई। वहीं ऋषि पंचमी के दिन जड़ी बूटी के साथ ही लाई, नारियल और चीला रोटी का प्रसाद विशेष रूप से वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### तीजा लेने गए भाई के मकान में चोरी

**भिलाई।** अपनी बहन को मकान में ताला जड़कर तीजा लेने गए भाई के मकान का ताला टूटा। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी गायब हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लाट नं. 346 एकता सोसायटी लोहिया रोड कैलाश नगर जामुल निवासी कामदेव सेन हेलथ केयर विभाग में कार्यरत है। बहन को तीजा लेने रायपुर गया हुआ था। घर पर कोई नहीं था पीड़ित की पत्नी भी जामुल मायके गई हुई थी। मकान में ताला जड़ा हुआ था, रापयपुर से सुबह घर पहुचा तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। अंदर प्रवेश करने पर आलमारी और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चेक करने पर सोने की हार, 2 नग सोने की चुड़ी, नगदी रकम 15 हजार रुपए गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कीमत 98 हजार रुपए आंकी गई है।

### अटेन्डेट ने घर से चेन की पार, गिरफ्तार

**भिलाई।** घर के अटेन्डेट ने सोने का चेन चोरी कर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बंगलो नंबर 21/01 मोतीलाल नेहरू नगर निवासी विशिष्ट जायसवाल डेयरी फार्म का संचालन करता है। दादा विजय कुमार जायसवाल की तबियत खराब रहने से उनकी देखभाल के लिए अटेन्डेट आनंद शर्मा को रखा गया था। 5 अगस्त से आनंद को काम पर रखा गया था। 19 अगस्त की रात दादा अपनी सोने की चैन बिस्तर पर उतारकर रखे हुए थे। इस दौरान अटेन्डेट आनंद शर्मा दादा विजय जायसवाल के यूरीन की थैली खाली करने गया। तब आनंद ने पुरानी इस्तेमाल 20 वर्ष पुरानी चेन को छिपाकर चोरी कर ली। जिसकी कीमत 1 लाख रुपए आंकी गई है। चेन करीबन 6 से 07 तोला का होगा सूचना डायल-112 को दी गई। अटेन्डेट आनंद शर्मा के पूर्व दूसरे युवक को दादा के देख-रेख के लिए रखा गया था। लेकिन इसके चले जाने के बाद आनंद को नया अटेन्डेट के रूप में काम पर रखा गया। चेन चोरी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को ट्रेस कर लिया है।

परेशानी : कुछ हिस्से में गिट्टी और कुछ में मिट्टी-मुरुम डालकर छोड़ दिया गया

# दमकसा-पेटेचुवा मार्ग ढाई साल बाद भी अधूरा जिम्मेदारों की अनदेखी और ग्रामीणों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम पेटेचुवा, बड़भूम और दमकसा को जोड़ने वाली सड़क लंबे समय से निर्माणाधीन हालत में है। इसके कारण राहगीरों को आने जाने में कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन संबंधित विभाग और ठेकेदार की लापरवाही के कारण वर्षों से सड़क निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार दमकसा से पेटेचुवा मार्ग जिसकी कुल लम्बाई 6.80 किलोमीटर निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति राशि 634.68 लाख रूपये प्राप्त हुई थी।

■ अधूरी सड़क पर लोगों को आने-जाने में हो रही परेशानी

इसका निर्माण कार्य वर्ष 2021 के दिसम्बर महीने में प्रारम्भ हुआ था, जिसे एक वर्ष में वर्ष 2022 दिसम्बर महीने में पूर्ण करना था, लेकिन ढाई वर्ष से ज्यादा का समय बीते जाने के बावजूद सड़क निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। निर्माणाधीन सड़क के आधे हिस्से में गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया है। इसके कारण राहगीरों को सड़क से गुजरने के लिए सोचना पड़ता है। वहीं आधी सड़क पर मिट्टी व मुरुम की परत बिछाकर छोड़ दी गई है, जिसके कारण सड़क दलदल में तब्दील हो गई है, जो राहगीरों के लिए मुसीबतों का कारण बना हुआ है।





## ढाई साल से बंद है काम

पेटेचुवा ग्रामीण नागेश सलाम ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य लगभग ढाई साल से बंद है। इसके कारण राहगीरों को चारामा व बालोद आने जाने के लिए कई मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। सम्बंधित विभाग द्वारा ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं किए जाने से सड़क निर्माण के कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। राहगीर श्याम करण निषाद ने बताया कि खराब सड़क से गुजर कर प्रत्येक गुरुवार को सामान लेकर दुकान लगाने चारामा बाजार जाना पड़ता है। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण का कार्य अधूरा है और दलदल हो गया है। इससे बहुत परेशानी होती है।

### कम हो जाएगी कांकेर व बालोद के बीच की दूरी बचेगा समय व धन

सड़क निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग अंतर्गत किया जा रहा है। इस सड़क के बनने से कांकेर और बालोद जिले की दूरी कम हो जायेगी, जिससे राहगीरों को आने जाने में कम दूरी तय करना पड़ेगा, जिससे समय और धन की भी बचत होगी। वर्तमान में बालोद या चारामा आने जाने के लिए मुख्य मार्ग के रूप में मरकाटोला से होकर आना जाना पड़ता है, लेकिन ग्राम पेटेचुवा, बड़भूम और दमकसा का मार्ग बनने से दूसरा प्रमुख मार्ग साबित होगा, जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण सड़क निर्माण का कार्य बीते ढाई वर्षो से अधर में पड़ा हुआ है।

# धर्मांतरण की शिकायत लेकर थाना पहुंचे ग्रामीण




हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

क्षेत्र में पनप रहे धर्मांतरण का जहर खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। हिंदू संगठन और भाजपा के लोग इनके हिंदू धर्म को खंडित करने के अभियान को रोकने में लगे हुए हैं।

■ गुंडरदेही अंचल के रनचिरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिलोदा की घटना

इसी तारतम्य सालों से तिलोदा के ओंकार ठाकुर के घर में चल रही अवैध प्रार्थना सभा को लेकर रविवार को तिलोदा के सैकड़ों ग्रामीण रनचिरई थाना पहुंचे। उन्होंने इस प्रार्थना सभा पर रोक लगाने व कार्रवाई की मांग की। ठाकुर राम चंद्राकार व अन्य ग्रामीणों ने गांव के ओंकार ठाकुर के घर में चल रहे हिंदू धर्म को खंडित करने की योजना का विरोध किया। उन्होंने बताया कि यहां ईसाई समुदाय के तेजेश्वरी, विष्णु दास, तिलक ठाकुर, भीखु निषाद रविवार को भी तिलोदा में ईसाई मिशनरी कार्यों को अंजाम दे रहा था। तभी ग्रामीणों ने रनचिरई पुलिस को बुलाकर धर्म परिवर्तन कराने वाले को पकड़कर थाना लाया।

ग्रामीणों ने बताया कि ये लोग गांव में स्थापित बजरंग बली की मूर्ति को खोखला है कहकर पत्थर से मारा, जिसका ग्रामीणों ने पुरजोर विरोध किया। लगातार हिंदू विरोधी कार्य कर हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ तिलोदा निवासी व जिला भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकार सहित सैकड़ों ग्रामीण ने थाना पहुंचकर ईसाई मिशनरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उसके बाद गुण्डरदेही एसडीओपी गीता वाघवानी व थाना प्रभारी द्वारा तेजेशवरी, विष्णु दास, तिलक कुमार ठाकुर व भीखु निषाद के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत धारा 170 की कार्रवाई की गई।

## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की, पीड़ितों ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डोंडी

नौकरी लगाने के नाम पर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रूपए लेने के दो साल के बाद भी न तो नौकरी लगाई और न ही पैसा लौटाया, जिससे नाराज आदिवासी समाज के लगभग 30 पीड़ितों ने रविवार को डोंडी थाना पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई।

मिली जानकारी के अनुसार डौंडी ब्लॉक के ग्राम घोटिया के प्रधान पाठक देवेंद्र कुमार कुमेटी के आत्महत्या मामले में मिले सुसाइड नोट को पुलिस ने सार्वजनिक किया है। ओड़गांव स्कूल के प्रधानपाठक देवेंद्र कुमेटी ने सुसाइड नोट में पूर्व वनमंत्री मोहमद अकबर, हिरेन्द्र नेताम, सलीम खान, प्रदीप ठाकुर पर नौकरी के नाम पर पैसा लेने का आरोप लगाया है। साल 2022 में अपने रिश्तेदारों से प्रधानपाठक ने नौकरी दिलाने रुपए मांगे थे। अब रिश्तेदार रुपए वापस मांग रहे थे। 14 अगस्त ▸▸| शेष पेज 11 पर



## ओबीसी दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम ग्राम पेंडरी में 10 को

**कलंगपुर/गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत पेन्डरी में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ओबीसी दिवस का आयोजन ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ एवं समस्त ग्रामवासी पेन्डरी के तत्वावधान में 10 सितंबर को रखा गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सेवा निवृत्त आईएएस आरएस विश्वकर्मा, पूर्व सीबीआई मजिस्ट्रेट प्रभाकर ग्वाल विशेष रूप से शामिल होंगे। मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग शहर गजेंद्र यादव, विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम कीअध्यक्षता संस्थापक ओबीसी समिति छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय पिव संघ अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू करेंगे।

## बाइक सवारों को बचाते हाईवा से टकराया ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

झलमला गुरुर मुख्य मार्ग 930 पर स्थित ग्राम धनोरा के गंगरेल केनाल के पास ट्रक व हाईवा की जोरदार टक्कर हो गई। इससे दोनों वाहनों के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना चालक द्वारा मोटर सायकल सवार लोगों को बचाने के चक्कर में हुई। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम लगभग 6 बजे ग्राम नारागाँव निवासी पिता-पुत्र जगेश्वर मंडावी उम्र लगभग 34 वर्ष और देवभरत मंडावी उम्र लगभग 55 वर्ष एक मोटर सायकल पर सवार होकर गुरुर हॉस्पिटल में भर्ती अपने परिजन को देखने के लिए गए हुए थे। वहां से वापस अपने घर नारागाँव आने के दौरानन ग्राम भरदा से आगे गंगरेल केनाल के पास मोटर सायकल में सवार दोनों लोग अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। इसी दौरान वे सामने से आ रही ट्रक की चपेट में आ गए। इससे मोटर सायकल के परखचे उड़ गए लेकिन सड़क दुर्घटना में मोटर सायकल सवार दोनों लोग सुरक्षित हैं। हालांकि गाड़ी से गिरने के कारण दोनों को चोटें आयी हैं, जिनका इलाज गुरुर हॉस्पिटल में जारी है। वहीं, अचानक मोटर साइकिल सवार लोगों के सड़क पर गिर जाने से ट्रक क्रमांक सीजी 24 पी 7708 के चालक ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन उसका ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पंचर होने के कारण खड़े हाईवा क्रमांक सीजी 24 आर 2481 से जा टकराया। इससे हाईवा और ट्रक के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें मोटर सायकल चालक की लापरवाही नजर आ रही है।

■ झलमला-गुरुर मुख्य मार्ग 930 पर ग्राम धनोरा के गंगरेल केनाल के पास हुई दुर्घटना



ग्राम टेंगना बरपारा में तीज पर पहली बार हुआ शानदार कार्यक्रम

# तीज मिलन में छलका महिलाओं का उत्साह, हुई विविध स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर

ग्राम टेंगना बरपारा में पहली बार तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद ललिता पीमान साहू थीं। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व तिजहारिन के लिए विशेष महत्व है।

विशिष्ट अतिथि सुनीता साहू, अंजु सिन्हा, अंगेश्वरी पटेल, संगीता निषाद थीं। समारोह में विभिन्न प्रतियोताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके पहले सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना पश्चात समस्त तीज में आई हुई माता, बहनों का सम्मान कर उनका परिचय दिया गया एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। तीज मिलन समारोह को सफल बनाने में खेमलाल कटेंद्र, पीमन साहू, मुकुंद ठाकुर सांख्यिकी अधिकारी, बली सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, जितेंद्र साहू,चमन साहू, राजेश साहू, ललित सिन्हा, घनश्याम यादव, नेता ठाकुर, खुबसिंग साहू, सत्यवान ठाकुर, लोचन सिन्हा सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी फौजी साथी एवं समस्त ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा।




### प्रतियोगिताओं में इन्होंने मारी बाजी

रैंप वॉक प्रतियोगिता में प्रथम सुनीता साहू, द्वितीय भुनेश्वरी सिन्हा, गुब्बारा उड़ाते हुए गिलास सजाओ प्रतियोगिता में उर्वशी धनेश प्रथम, द्वितीय सरिता साहू एवं तृतीय उर्वशी बाई रहीं। मटका फोड़ प्रतियोगिता में रोशनी सिन्हा प्रथम, रीना सिन्हा द्वितीय, मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता में भुनेश्वरी सिन्हा प्रथम, इंद्रावती ठाकुर द्वितीय, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में खेमलता सिन्हा प्रथम तथा सरिता साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार के रूप में साड़ी प्रदान की। इसके साथ ही सभी बहनों को बिंदी, नेल पालिश, साड़ी पिन आदि भेंट की गई। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम मुंदरी का मंचन फौजी साथियों के सौजन्य से किया गया।



### ठेकवाडीह में तिजहारिनों के लिए हुईं विविध प्रतियोगिताएं

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में बाड़ा चौक के पास जय जोहार युवा संगठन की ओर से वृद्धजनों का सम्मान एवं तीज पर्व पर पहुंचे बहनों के लिए खेल कूद का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने जलेबी दौड़, मटका फोड़, कुसीदौड़, गुब्बारा फुलाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान सभी बहनों ने खेलकूद का खूब आनंद लिया। कुर्सी दौड़ में प्रथम नम्रता ठाकुर, द्वितीय मीणा साहू, जलेबी दौड़ में प्रथम नीमा ठाकुर, द्वितीय दुर्गेश साहू, कुर्सी दौड़ में प्रथम नीतू साहू, द्वितीय पद्मिनी देवदास, जलेबी दौड़ में प्रथम मीना साहू, द्वितीय घमेश्वरी साहू, गुब्बारा फूलाने में प्रथम नीमा ठाकुर, द्वितीय राम्हीन साहू इसी प्रकार मटका फोड़ मे वीरा साहू व डांस प्रतियोगिता में राम्हीन साहू प्रथम रही। कार्यक्रम में तीज पर्व पर पहुंचे नीतू साहू, दुर्गेश साहू, मीना साहू, बबली ▸▸| शेष पेज 11 पर

### छात्र से साइकिल व मोबाइल की लूट

**भिलाई।** घर लौट रहे छात्र की साइकिल और मोबाइल लूट कर फरार होने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 के तहत कार्रवाई किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड नं. 20 कंचादूर निवासी संतोष बघेल प्रापर्टी डीलर का काम करता है। पुत्र कुणाल बघेल कक्षा 8 वी बीएनएस हाऊसिंग बोर्ड में पढ़ाई करता है। रोज की भांति घटना की शाम को कुणाल अपनी साइकिल से बीएसपी पंत स्टेडियम में बॉलीवाल खेलने गया था। रात को घर लौटते समय अपनी डोलवेन रेंजर साइकिल से लौट रहा था। जैसे ही कुरूद से कंचादूर जाने वाले मार्ग पर पहुचा अचानक एक बाइक चालक सामने से आया। इसके बाद कुणाल के पीछे पीछे आने लगा और बाइक की हेडलाइट से अपर-डिपर करने लगा। तब दो युवक मोड पर आए और कुणाल को रोक साइकिल व मोबाइल लूटकर फरार हो गए।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# हाथकरघा विभाग को लगी नजर, नई पीढ़ी की अनदेखी से योजना का बंटाधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

छग राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मार्यादित रायपुर द्वारा संचालित हाथकरघा का कार्य लगभग विलुप्त होने के कगार पर है। बीते कई सालों से इस कार्य में हाथकरघा के जरिए लालन-पालन करने वाले बुनकर सहकारी समितियां हितग्राही अब बुजूर्ग हो गए है, वही नई पीढियों द्वारा हाथकरघा के कार्य से दूरी बना लिए है। ऐसे में यह पारंपरिक कार्य समाप्ति के कगार पर है।

छग के हाथकरघा की कारीगरी महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में लोहा मनवा चुकी है। लेकिन धीरे-धीरे आधुनिकता के प्रभाव ने पुरानी पध्दति को ही समाप्त कर दिया है। बाजार में हाथकरघा की डिमांड कम हो गई है, लोग रेडीमेंट कपडों की ओर बढ गए है। हांलाकि सरकारी स्कूलो में गणवेश का कार्य हाथकरघा की बुनकर समितियों द्वारा बुने गए कपडों का उपयोग हो रहा है। जानकारी अनुसार हाथकरघा विभाग द्वारा दुर्ग और बेमेतरा में संचालित समितियों का भौतिक सत्यापन किया था। इस दौरान कई जगह समितियां बन पाई गई है। जिसमें कई समितियों से संपर्क नही हो पाया, वही कुछ समितियों के लोग इस कार्य में रूचि नही ले रहे है। वही जो सदस्य थे, वही बुजूर्ग हो गए और नई पीढी रूचि नही दिखा रही है।

## हाथकरघा के कार्य से महिलाओं को मिलता है रोजगार, जिले में रह गई अब गिनी-चुनी बुनकर समितियां

### भौतिक सत्यापन में ऐसी स्थिति

हाथकरघा विभाग दुर्ग द्वारा विगत दिनों लक्ष्य महिला बुनकर सहकारी समिति दुर्ग में पाया गया कि, पंजीकृत पते पर संस्था उपलब्ध नही है और अध्यक्ष से भी संपर्क नही हो रहा है। वही अन्नपूर्णा बुनकर सहकारी समिति धनोरा में संस्था स्तर पर उत्पादन कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रयास किये जाने की बात सामने आई है। वहीं कुटुम्बी बुनकर सहकारी समिति चरोदा में संस्था के बुनकर कार्य करने के इच्छुक नही है एवं क्षेत्र के आसपास कोई बुनाई कार्य के इच्छुक नही मिले। श्री विद्यासागर जी बुनकर सह समिति में संस्था स्तर पर उत्पादन कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रयास की बात सामने आई। प्राथमिक बुनकर सह समिति बोरी में सभी सदस्य बुजर्ग हो गये है। कई सदस्यों की मृत्यु हो गई है। क्षेत्र के आसपास कोई बुनाई कार्य के इच्छुक नही है। पंजीयन निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।



### बेमेतरा में सदस्य नहीं रहे

इसके आलावा बेमेतरा जिले में प्राथमिक बुनकर सहकारी समिति कुसमी सभी सदस्य बुजर्ग हो गये है। कई सदस्यों की मृत्यु हो गई है। क्षेत्र में कोई बुनाई कार्य के इच्छुक नही है। विशाल बुनकर सहकारी समिति नवागढ और आदर्श बुनकर समिति टेमरी में भी सभी सदस्य बुजर्ग हो गये है। कई सदस्यों की मृत्यु हो गई है। क्षेत्र में कोई बुनाई कार्य के इच्छुक नही है।

### अभी हो रहे हाथकरघा के कार्य

जानकारी अनुसार विभाग की माने तो दुर्ग जिला बुनकर मर्यादित समिति दुर्ग, महिला हाथकरघा दुर्ग, महामाया समिति पाटन, नागेश्वरी समिति नगपुरा, जय चंडी समिति असोगा, शिवांशी समिति बघेरा, आशादीप बुनकर समिति भिलाई, आस्था बुनकर समिति पाटन और मां बमलेश्वरी समिति रेवेलीडीह, महात्मा गांधी समिति अहिवारा और जय चंडी समिति विनायकपुर में हाथकरघा स्थापित किए गए है। जबकि यहां भी जितने केन्द्र स्थापित किए गए है, वहां सभी संचालित नही पाए गए है।

## खबर संक्षेप

### पदोन्नति से भरा जाएगा कार्यकर्ता का पद

दुर्ग। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 आंगनबाड़ी केन्द्र सुन्दर नगर 01 के रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पूर्ति हेतु 17 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित की गई थी। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई 01 के अनुसार उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद आंगनबाड़ी सहायिकाओं से पदोन्नति से भरा जाना है। अतएव इस संबंध में पूर्व जारी विज्ञप्ति निरस्त कर दी गई है।

### दावा आपत्ति 13 तक

दुर्ग। दुर्ग-शहरी द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग-शहरी द्वारा 23 जुलाई से 6 अगस्त तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 2 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त जानकारी अनुसार अंतिम तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी कर निर्धारित मापदण्ड के आधार पर अनुमोदित अंतरिम मूल्यांकन पत्रक कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग.शहरी एवं नगर पालिक निगम दुर्ग के कार्यालय परिसर में चस्पा कर दी गई है। वरीयता, प्राथमिकता के संबंध में किसी आवेदिका को दावा-आपत्ति हो तो 4 से 13 सितम्बर तक कर सकते हैं।

### तीज मिलन 15 को

दुर्ग। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला स्तरीय महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रथम वर्ष तीज मिलन समारोह मानस भवन दुर्ग स्टेडियम में 15 सितम्बर को आयोजन किया जाएगा। इसमें महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती संतोषी निषाद ने बताया कि सम्मत समाज के 13 परिक्षेत्र तहसील पचगैह गांव के महिलाएं शामिल होंगे। मनोरंजक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## योजना : टारगेट नहीं मिलने से प्रशिक्षण की प्रक्रिया भी अटकी

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रोजगार योजना के लिए नहीं मिले टारगेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला उद्योग विभाग के अधीन संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए अब तक ऋण वितरण के लिए टारगेट नही मिलने के कारण अफसरों के भी कान खडे हो गए है। वित्तिय वर्ष के छः माह बीतने को हैं, लेकिन अब तक टारगेट नही मिलने के कारण युवाओं को लोन प्रकरण में मिलने वाले सब्सिडी को लेकर संशय की स्थिति निर्मित है। हालात यह हैं कि, युवाओं की अर्जी आने के बाद भी विभाग इसे बैंक को नही भेज पा रही है, वही प्रचार-प्रसार का भी अभाव है।

मिली जानकारी अनुसार हर साल इन दोनो योजनाओं के लेकर सैकडों युवा आवेदन करते है। युवाओं को छोटे व्यापार लगाने के लिए इस योजना में आसानी से लोन मिल जाता है। आवेदन आने के बाद विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रकरण बैंको को भेजा जाता है। जहां बैंक तय मापदंडों के अनुसार व्यापार और उद्योग के लिए लोन उपलब्ध कराती है। लेकिन बार केन्द्र और राज्य दोनो योजनाओं के लिए टारगेट अब तक जारी नही किए गए है। जिसे लेकर विभाग के अफसर भी चिंता में है। इसके लिए बकायदा विभाग द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाता है। लेकिन इस बार विभाग की भी उदासीनता सामने आ रही है।

**खास बातें**

- विभाग की योजना से युवाओं को मिलता है रोजगार
- योजना के तहत मिलती है सब्सिडी की राशि

### छः माह गुजरने के बाद भी इंतजार




### पिछले साल डेढ सौ हितग्राही हुए लाभान्वित

जानकारी अनुसार जिले में पिछले साल प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत वर्ष 2023-24 में विभाग द्वारा बैंक को 412 प्रकरण भेजे गए थे। जिसमें से बैंक ने 164 प्रकरण स्वीकृति किए थे। इसी तरह मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत बैंक को 98 प्रकरण भेजे गए थे, जिसमें 38 प्रकरण स्वीकृत किए गए थे। इन दोनो योजना के आलावा विभाग प्रधानमंत्री फार्मलाइजेशन आफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इंटरप्राईजेस (पीएमएफएमई) योजना संचालित करती है। पिछले साल इसमें 104 में 42 हितग्राही लाभान्वित हुए थे। लेकिन इस साल इस योजना के लिए टारगेट नही आए है।

### 25 लाख तक मिलता है पीएम सृजन में लोन

प्रधानमत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करने, स्वयं के उद्योग, सेवा उद्यम स्थापना के अवसर प्रदान करने केन्द्र सरकार प्रवर्तित योजना संचालित की जा रही है। जिसमें अधिकतम ऋण सीमा विनिर्माण क्षेत्र के लिए 25 लाख रूपये और सेवा क्षेत्र के लिए 10 लाख रूपये दिए जाते है। इसके लिए 18 वर्ष या अधिक उम्र का कोई भी व्यक्ति, स्व सहायता समूह, पंजीकृत संस्था, जिन्होने पूर्व में किसी शासकीय योजना में अनुदान का लाभ नही लिया है। वे पात्र होगें। इस योजना में अनुदान राशि शहरी क्षेत्र में सामान्य वर्ग 15 प्रतिशत हैं, वहीं अजा, अजजा, अपिव, अल्पसंख्यक, भूतपूर्वसैनिक, विकलांग, महिला 25 प्रतिशत व ग्रामीण क्षेत्र में सामान्य वर्ग 25 प्रतिशत, वही अन्य वर्ग के लिए 35 प्रतिशत निर्धारित है। ठीक इसी तरह मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना भी हैं। जहां उद्योग के लिए अधिकतम 25 और सेवा क्षेत्र के लिए दस लाख तक लोन मिलते है।

# पहलवानों ने दुर्ग और भारत के लिए जीते स्वर्ण और रजत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पहला साउथ एशिया कॉम्बैट कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन काठमांडू नेपाल में विगत 30 अगस्त से 1 सितंबर 2024 तक आयोजित किया गया। जिसमें मेजबानी नेपाल ने किया। वहीं भूटान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश आदि देशों ने भाग लिया। साथ ही साथ भारत से दुर्ग के सीनियर पहलवान लक्की यादव एवं देवेंद्र कुमार ढीमर और कमलेश यादव इन तीनो खिलाड़ियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम 60 से 64 किलोग्राम में सीनियर वर्ग में लक्की यादव पिता रामू यादव चंडी मंदिर दुर्ग ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही कमलेश यादव पिता मनसा राम यादव कैंप 2 ने 64 किलो वजन ( नोगी ) में रजत पदक प्राप्त किया एवं देवेंद्र कुमार ढीमर पिता प्रकाश ढीमर ने सीनियर वर्ग के 76 किलोग्राम में पुरुष वर्ग के सीनियर में रजत पदक प्राप्त किया। महात्मा गांधी स्कूल के व्यायाम शिक्षिका आरती शुक्ला एवं पूर्व व्यायाम शिक्षक ललित साहू एवं कोच विकास सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। लक्की यादव ने क्वाटर फाइनल मुकाबला में भूटान के पहलवान को 8-2 के अंक से पराजित किया एवं सेमीफाइनल में पाकिस्तान के पहलवान को 10 - 4 के अंक से पराजित कर फाइनल मे प्रवेश किया। साथ ही साथ फाइनल मे श्रीलंका के पहलवान को 10-0 के अंक से प्रभावित कर पराजित कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

- पहला साउथ एशिया कॉम्बैट कुश्ती का आयोजन

खिलाड़ियों का रेलवे स्टेशन में विगत दिनों स्वागत किया गया। तीनो पहलवान दुर्ग के महात्मा गांधी अखाड़े में प्रशिक्षक विकास सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं।

# आदर्श स्कूल में संस्था के सेवानिवृत्त प्राचार्य व व्याख्याता किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बी आर जे शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग में शिक्षक दिवस के अवसर पर संस्था के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं व्याख्याता को सम्मानजनक ढंग से आमंत्रित कर उन्हें सम्मानित किया गया। आयोजन में श्रीमती मिश्रा, श्रीमती रेखीय, डॉक्टर श्रीमती कृष्णा जोशी, एच एस वर्मा, पूर्व प्राचार्य, श्रीमती सुजाता दत्ता, श्रीमती अरुणा श्रीवास्तव, श्रीमती रेखा कासलीवाल, अनिल गुप्ता, डी एल चंद्राकर, डी के चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, श्री त्रिपाठी, श्री अली, श्रीमती यादव, श्रीमती आरती दुबे की उपस्थिति में प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती कृष्णा अग्रवाल, समस्त स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

- कार्यक्रम में गुरुओं का बताया गया महत्व



आमंत्रित सभी गुरुजनों का प्राचार्य एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा शॉल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत और सम्मान किया गया। समारोह में सभी गुरुजनों ने संस्था को सहयोग का आश्वासन देते हुए गुरुओं का महत्व छात्राओं को बताया साथ ही अपने संस्मरण को याद किया गया एवं उदाहरण देते हुए शिक्षकों को भी उनके कर्तव्यों के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। भूतपूर्व प्राचार्य श्री वर्मा ने भविष्य में प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाली छात्रा को डेढ़ लाख रुपए देने की घोषणा भी की। आमंत्रित गुरुजनों द्वारा आर्थिक स्थिति से कमजोर छात्राओं की बोर्ड फीस के लिए सम्मानित राशि भी संस्था प्रमुख को भेंट की गई। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम पर गुरुजनों ने पौधे भी रोपे।

### संतोष की अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर कांग्रेस के सक्रिय एवं निष्ठावान कर्मठ कार्यकर्ता संतोष कुमार सोनी को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ का शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष (दुर्ग शहर) नियुक्त किया गया है। असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक के अनुमोदन व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर कांग्रेस महामंत्री प्रशासन मलकीत सिंह गैदु ने नियुक्ति पत्र जारी किया है। संतोष कुमार सोनी ने नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष, मोहम्मद सिद्दीकी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक दुबे का आभार व्यक्त किया है।

# बीएलओ की नाराजगी, ओबीसी सर्वे का काम पिछड़ा

## लटक सकता है पंचायत और नगरीय निकायों में आरक्षण का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य शासन द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ओबीसी सर्वे किया जा रहा है, लेकिन इसमें बीएलओ का सहयोग नहीं मिलने से कार्य में गति नहीं आ रही है। नगरीय निकाय और पंचायत विभाग अपने कर्मचारियों के माध्यम से अंजाम देने में लगा हुआ है। समय पर काम पूरा नहीं हुआ, तो त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकायों में आरक्षण का मुद्दा लटक सकता है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद छत्तीसगढ़ शासन ने पिछड़ा वर्ग आयोग को गठन किया है। आयोग की पिछले माह हुई बैठक में वार्ड और ग्राम वार पिछड़ा वर्ग की संख्या का सर्वे कराने का निर्देश जारी किया गया। यह कार्य नगरीय निकाय और पंचायत विभाग के माध्यम से पूरा करने उन्हें काम सौंपा गया है। उक्त कार्य को समय पर पूरा करने के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, समन्वयक नियुक्त किए गए है। इस काम में पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकों के मदद से सर्वे को पूरा करने का प्रयास हो रहा है, लेकिन इस काम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले बीएलओ ने अपने को सर्वे से अलग कर लिया है। इससे काम में गति नही आ रही है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त काम से मांगी मुक्ति

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त कार्यों से मुक्त करने की मांग की है। इन कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों में रोजाना ड्यूटी के साथ ही चुनाव में बीएलओ ड्यूटी करने के साथ ही पोषण ट्रेकर एप, महतारी वंदन योजना सहित कई कार्यों की जिम्मेदारी भी होती है। इन सब के बाद अब आंगनबाड़ी वर्कर्स से ओबीसी सर्वे का काम लिया जा रहा है, जिसके कारण अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केंद्रों का काम ठीक ढंग से नहीं कर पा रहे हैं। इसी बीच अभी निर्वाचन का काम भी चल रहा है। डोर-टू-डोर काम चल रहा है, इसमें नए मतदाताओं को जोड़ना और जिनकी मृत्यु हो गई है उनके नाम काटने के अलावा ओबीसी सर्वे का काम भी दिया जा रहा है।

### 30 सितंबर तक होना है सर्वे

मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य 10 अक्टूबर तक चलेगा। वहीं ओबीसी सर्वे का कार्य 30 सितंबर तक पूरा करने के निर्देश जारी किए गए है। प्रदेश में अब तक 30 प्रतिशत सर्वे का काम पूरा हुआ है। ऐसे में शेष बचे दिनों पूरा सर्वे हो पाने की संभावना कम ही है। देखना होगा की तय समय में आयोग अपनी रिपोर्ट दे पाती है कि नहीं। मतदाता सूची में ओबीसी के नामों को चिन्हाकित कर 54 बिंदुओं का प्रपत्र सर्वे में भरवाने का काम दिया गया है।

# जयंती नगर के लोगों ने सड़क और नाली बनाने की रखी मांग

दुर्ग। मॉर्निंग विजिट शहर विधायक गजेंद्र यादव उरला क्षेत्र के जयंती नगर पहुँचे। यहां वार्ड 16 के प्रमुख सड़क को सीमेंटीकरण कराने और नाली निर्माण की मांग की गई। जिस पर विधायक ने विभाग अधिकारीयों को सड़क का सीमेंटीकरण करने जल्द ही प्राकलन तैयार करने निर्देश दिये। विधायक ने वार्डवासियों के बीच बैठकर वार्ड के मुलभुत समस्याओं की जानकारी ली। नागरिकों ने विधायक गजेंद्र यादव को प्रमुख सड़को का निरिक्षण कराकर बताए की जयंती नगर में धरसा रोड से दुर्ग पब्लिक स्कूल एवं सभी गलियों के रोड की स्थितियां खराब है। इस रोड से प्रतिदिन सैंकड़ो की संख्या में बच्चे रोज स्कूल आते जाते है, सड़क पर कई जगह गड्ढा होने के कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। कच्चा सड़क होने की वजह से आने जाने में स्कूली बच्चों एवं वार्ड वासियों को अवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां सडक सीमेंटीकरण के आलावा बच्चों के खेलने और एक गार्डन की मांग किये। विधायक श्री यादव ने वार्डवासियो की सभी मांग को पूरा करने आश्वासन दिये। इस दौरान वार्ड पार्षद खिलावन मटियारा, पार्षद देवनारायण चंद्राकर, मनीष साहू, महिला मोर्चा से मौसमी ताम्रकार, रामग़ुलाल साहू सहित बड़ी संख्या में वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।



# प्रदेश में नए बिजली कनेक्शन में अब भी लगा रहे पुराने मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं के पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। अब तक एक लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं के मीटर बदल भी दिए गए हैं। लेकिन नए कनेक्शनों में पुराने मीटर ही लगाए जा रहे हैं। इसको बाद में बदला जाएगा। नए कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए पॉवर कंपनी व्यवस्था करने में लगी है। आने वाले समय में जल्द ही यह व्यवस्था की जाएगी जिससे नए कनेक्शनों में भी स्मार्ट मीटर ही लग सके।

- स्मार्ट मीटर लगाने के लिए की जा रही है व्यवस्था

प्रदेश के 55 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है। केंद्र सरकार की योजना के कारण सभी उपभोक्ताओं के मीटर बदल जा रहे हैं। अभी तो प्रारंभ में सभी कनेक्शनों को पोस्टपैड ही रखा गया है, लेकिन आने वाले समय में सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। ऐसा होने पर पहले रीचार्ज कराने पर ही बिजली मिलेगी। रीचार्ज समाप्त होने पर बिजली कट हो जाएगी।




### नए कनेक्शन के लिए अभी व्यवस्था नहीं

पुराने मीटरों को बदलने का काम तेजी से पूरे प्रदेश में चल रहा है। रायपुर संभाग का काम टाटा कंपनी और बाकी संभागों का काम जीनस कंपनी को मिला है। दोनों कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। लेकिन अभी जो भी उपभोक्ता नए कनेक्शन के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनके कनेक्शनों में पॉवर कंपनी द्वारा पुराने मीटर ही लगाए जा रहे हैं। पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए सिस्टम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है, इस पर काम किया जा रहा है। जैसे ही सिस्टम में बदलाव हो जाएगा, नए कनेक्शनों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का काम प्रारंभ हो जाएगा। लेकिन इसके लिए यह भी जरूरी है कि जो कंपनियां स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही हैं, उनके पास स्मार्ट मीटर का स्टॉक भी होना चाहिए। नए कनेक्शनों में भी जब स्मार्ट मीटर लगेंगे तो इसके लिए उपभोक्ताओं से कोई अतिरिक्त पैसा नहीं लिया जाएगा।स्मार्ट मीटर छह हजार रुपए का है।

## सड़क की हालत खराब और उपर से बिजली भी बंद

# पुलगांव नाला और शिवनाथ ब्रिज से गुजरना जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बारिश के बीच शहर के सडको की हालात बेहद खराब हो गई है। सबसे ज्यादा परेशानी पुलगांव नाला के उपर से गुजरना हो गया है। इसके आलावा शिवनाथ नदी पुल भी गड्ढों से भरी है। यहां से गुजरने में वाहन चालकों की धडकने तेज हो रही है। पुलगांव नाले में तो गड्ढों में पानी भर गया है। ऐसे में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

- विभाग के अधिकारियों की उदासीनता

विगत दिनों विधायक गजेन्द्र यादव और कलेक्टर के निर्देश पर पुलगांव नाले में सीमेंटीकरण के जरिए गड्ढे भरे गए थे। लेकिन वर्तमान में सडक की स्थिति जस के तस हो गई है। यहां से गुजरने वाले जिम्मेदारों को जमकर खरी खोटी सुना रहे है। सडक के गड्ढों को भरने कोई प्रयास नही किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी जमीनी स्तर पर पडताल करने की फुर्सत नही है। पुलगांव से नेहरू नगर तक करोडों रूपए खर्च कर चौडीकरण कार्य किया गया। लेकिन ठेकेदार द्वारा पुलगाव नाला और शिवनाथ ब्रिज में डामरीकरण ही नही किया गया। जिसका खामियाजा आज जनता को उठाना पड रहा है। शिवनाथ ब्रिज में गड्ढों के कारण वाहन की स्टेयरिंग डगमगाने लगती है, वही पुलगांव नाले में वाहन चालक रोज परेशान हो रहे है।



### स्ट्रीट लाइटों की मानिटरिंग नहीं

विगत दिनों कलेक्टर के फटकार के बाद पीडब्ल्यूडी के विद्युत यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों ने आनन फानन में पटेल चौक से लेकर पुलगांव तक स्ट्रीट लाइट चालू कराई थी। लेकिन वर्तमान में स्थिति वैसी ही है। पुलगांव से आगे अंजोरा ब्रिज तक लाइटे बंद है। इसके आलावा नेहरू नगर तक कभी भी लाइटे बंद हो जाती है। विद्युत यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों दावा किया था कि, लाइट की मानिटरिंग के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन मानिटरिंग नही हो रही है।

### पुलगांव से अंडा तक लाइट लगाने फंड नहीं

पुलगांव मिनीमाता चौक से अंडा तक सडक चौडीकरण किया गया है। लेकिन एक भी बिजली पोल नही लगी है। विगत दिनों हरिभूमि ने इस मामले को प्रकाश में लाया था। जिस पर कलेक्टर के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी ने एक विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी थी कि, पुलगांव से अंडा तक बिजली कार्य के लिए राज्य शासन को चार करोड तीस लाख का प्रस्ताव भेजा गया है। लेकिन राज्य स्तर पर प्रशासकीय स्वीकृति नही मिलने के कारण कार्य नही हो सका है।

## खबर संक्षेप



### भारतीय सॉफ्ट टेनिस टीम ने रच दिया इतिहास

**रायपुर।** भारतीय सॉफ्ट टेनिस टीम ने इतिहास रच दिया। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने पहली बार पदक हासिल किया। भारतीय मिक्स डबल्स टीम जय मीणा वी आद्या तिवारी ने ऑनसोंग दक्षिण कोरिया में संपन्न 17 वर्ल्ड सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। उनकी इस जीत में टीम के कोच छत्तीसगढ़ सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव प्रमोद ठाकुर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। सॉफ्ट टेनिस एसिसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सॉफ्ट टेनिस संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पुसदकर ने नया इतिहास गढ़ने के लिए सॉफ्ट टेनिस की टीम इंडिया, जय मीणा, आद्या तिवारी, प्रमोद ठाकुर सहित टीम को बधाई दी।


### प्रापर्टी टैक्स की तरह अस्पतालों से सालाना लिया जाए यूजर चार्ज



**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा है, अस्पतालों से प्रापर्टी टैक्स की तरह यूजर चार्ज सालाना वसूला जाए। इसके साथ की यूजर चार्ज की नई दर युक्तिकरण के बाद लागू की जाएगी। इस मसले पर आईएमए प्रतिनिधि ने डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात की। रायपुर ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2014 के निर्णय के बाद 2017 में राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगरीय निकाय के सभी संस्थानों पर यूजर चार्ज लागू किया गया था। चिकित्सा संस्थानों से लिए जाने वाले यूजर चार्ज की दरें तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक रखी गई थीं। अस्पतालों से बायो मेडिकल वेस्ट भेजने के बाद जनरल वेस्ट की मात्रा चिकित्सा संस्थानों में बहुत कम रह जाती है।

## निधन

### टीआर महमल्ला



**गुरूर।** ग्राम कोलिहामार निवासी सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं पेशन समाज के जिला अध्यक्ष टीआर महमल्ला 80 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कोलिहमार में किया गया। वे डॉ आयाम महमल्ला के पिता थे।

### रामचंद्र सिंह क्षत्री



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी रामचंद्र सिंह क्षत्री का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रकाश सिंह क्षत्री के पिता थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार गुरूर, जिला - बालोद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र-202407242600026/अ- 6/ वर्ष-2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम टेगनाबरपारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक भूपेन्द्र कुमार पिता स्व. घनेशराम साकिन टेंगनाबरपारा, तहसील गुरूर द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर भूमिस्वामी हक में ग्राम टेंगनाबरपारा, प.ह.न. 34 तहसील गुरूर जिला बालोद मं ख.न. 869, 1117 रकवा क्रमशः 0.03, 3.99 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 4.02 हे. लगान 3.44 रू. की भूमि राजस्व अभिलेख मे दर्ज है। वादभूमि के सहखातेदार निर्भयसिंह पिता स्व. प्रभूराम जाति गोड़ निवासी टेंगनाबरपारा, तहसील गुरूर का निवासी था। निर्भयसिंह पिता स्व. प्रभूराम जाति गोड़ का जन्म दिनांक 15.07.1961 है। निर्भयसिंह अविवाहित था तथा आज से लगभग 45-46 वर्ष पूर्व घर से बिना बताये कही निकल गया है। सहखातेदार निर्भय सिंह पिता स्व. प्रभूराम जाति गोड़ को आवेदक के परिवार वालो के द्वारा सभी संभावित स्थानो पर पतासाजी हेतु हर संभव प्रयास किया गया किन्तु निर्भय सिंह का कही पता नही चला है वह लापता है। वादभूमि के सहखातेदार निर्भयसिंह पिता स्व.- प्रभूराम जाति गोड़ की मृत्यु होने की उपधारण किया जाकर उसे सिविल मृत माना जावे तथा ग्राम टेंगनाबरपारा, प.ह.न. 34 तहसील गुरुर जिला बालोद मं ख.न. 869, 1117 रकबा क्रमशः: 0.03, 3.99 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 4.02 हे. लगान 3.44 रू. की भूमि के राजस्व अभिलेख से सहखातेदार निर्भय सिंह पिता स्व. प्रभूराम जाति गोड़ का नाम विलोपित किये जाने तथा शेष सहखातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन भुईया ई नामांतरण पंजी से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

उक्ताशय के संबध मे जिस किसी व्यक्ति अथवा निकाय को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना है, वह प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.09.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से तहसील कार्यालय गुरूर मे 11 बजे प्रस्तुत कर सकते है, बाद मे प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनॉक 20.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
गुरूर

# गणेश की विकृत मूर्ति स्थापित की गई तो हिन्दू संगठन, समिति व मूर्तिकार के खिलाफ भी करेंगे एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

अगर किसी भी गणेश पंडाल में आराध्य देव की विकृत मूर्ति स्थापित की गई, तो इसे बनाने वाले ही नहीं, बल्कि बनवाने वाली समिति के खिलाफ भी हिन्दू संगठन ने मुहिम तेज करने का निर्णय लिया है। संगठन से जुड़े लोगों ने बताया कि एक दशक पहले भी विकृत मूर्ति बनाने वाले लोगों के खिलाफ जब मामला दर्ज कराया गया, तो उनका तर्क था कि हमने तो सिर्फ बनाया है। इसके लिए जिन लोगों ने हमें आर्डर दिया, उन्हें बचाने का प्रयास करते हुए मूर्तिकारों को लाखों की चपत लगाई जा रही है।

राजधानी में मूर्तिकारों द्वारा आराध्य देव की प्रतिमा के मूल स्वरूप को बिगाड़ने का खेल किया जा रहा था। इसका खुलासा हरिभूमि ने एक सितंबर के अंक में ''आस्था से खिलवाड़, श्री गणेश के सिक्स पैक, दो हाथ धारी, बना दिए राधा-कृष्ण, पहलवान'' शीर्षक से खबर का प्रकाशन किया। इस मामले को लेकर जब हिन्दू धर्मानुरागियों एवं गुरुओं से बात की गई, तो उन्होंने इसका कड़ा विरोध करते हुए धार्मिक भावना को आहत करने की मंशा से ही स्वरूप बिगाड़ने का पक्ष रखा।

ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाने को लेकर उन्होंने पैरवी भी की। हरिभूमि ने जिन-जिन मूर्तिकारों के पास भगवान के बिगाडे गए स्वरूप को निर्मित करने की जानकारी दी गई। हिन्दू संगठन से जुड़े लोगों ने भ्रमण करते हुए उसका जायजा 5 दिनों में लेने के बाद विरोध के लिए सहमति बनाई है।

## हरिभूमि की खबर के बाद संगठन से जुड़े लोगों ने जांची खामियां


आस्था से खिलवाड़, श्री गणेश के सिक्स पैक दो हाथ धारी, बना दिए राधा-कृष्ण, पहलवान

### इस कारण जांची वस्तुस्थिति

धर्म जागरण प्रशासन समन्वयक पुष्पेन्द्र उपाध्याय ने इस मामलो को लेकर कहा कि हरिभूमि की खबर पर ही एक दशक पहले हिन्दू संगठन से जुड़े लोगों ने आराध्य देव को विकृत स्वरूप देने वाले मूर्तिकारों के खिलाफ अभियान चलाया था। सभी मुर्तियों को विसर्जित कराने के लिए मुहिम चलाई। तब मूर्ति का निर्माण करने वाले कारीगरों ने तर्क दिया था, कि इस तरह से एक पक्ष को निशाने पर लिया जा रहा है। इसे देखते हुए इस बार संगठन ने आराध्य देव का स्वरूप बिगाड़ने वाले लोगों की पहचान पहले से की है। अब वहां से विकृत स्वरूप वाली प्रतिमा को लाने के बाद समितियों के द्वारा स्थापित किया जाएगा, तो ऐसे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। इसमें मूर्तिकार और आर्डर देने वाले समिति के लोगों को संयुक्त रूप से आरोपी बनाया जाएगा।

### जीएसटी की टीम ने गुरूवार से शनिवार तक खंगाले दस्तावेज

# पान मसाला गुटखा व्यापारी के ठिकानों पर तीन दिन चली छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर के प्रमुख प्रतिष्ठित पान मसाला गुटखा के व्यावसाई विनय एजेंसी के यहां सेंट्रल जीएसटी की टीम ने गुरुवार को छापा मारा था। वहीं, गुरुवार से शुरु हुई छापामार कार्रवाई शुक्रवार और शनिवार को भी जारी रही।

लगातार 3 दिनों तक चली कार्रवाई के दौरान जीएसटी के अधिकारियों ने काफी बड़ी संख्या में जीएसटी चोरी के अलावा अन्य दस्तावेज खंगाले और कई मामले प्रमाणित भी हुए। विनय एजेंसी में सेंट्रल जीएसटी छापे के बाद दल्लीराजहरा शहर के व्यापारियों के बीच दहशत भरा माहौल देखने को मिला। वहीं, कुछ व्यापारी जीएसटी छापे के दौरान अपनी दुकानों के शटर बंद कर गायब हो गए।

बताया जाता है कि पिछले कई वर्षों से विनय एजेंसी पान मसाला गुटका और अन्य व्यवसाय में जीएसटी की चोरी किया करते थे, जिसकी लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। कोरोना काल में भी विनय एजेंसी सुर्खियों में रहा। उस दौरान 18 चक्का कंटेनर पान मसाला गुटका मसाला जब्त किया गया था। कोरोना काल के बाद अब तक लगातार तंबाकू गुटखा मसाला पान मसाला के व्यापार में जीएसटी चोरी की शिकायत विभाग को प्राप्त हो रही थी। विभाग के आला अधिकारी पिछले कई महीनों से रेकी कर रहे थे। जब शिकायत प्रमाणित हुई तब केंद्रीय जीएसटी के लगभग 14 से 16 अधिकारियों ने एक साथ दल्लीराजहरा पहुंचकर विनय एजेंसी पान मसाला के ठिकाने पर छापा मारा। तीन दिनों तक लगातार छापे के दौरान दुकान का शटर बंद था। दुकान के स्वामी के अलावा उनके परिजनों और स्टाफ सहित अन्य लोगों से पूछताछ की गई। सभी दस्तावेजों को बारीकी से खंगाला गया। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार जीएसटी छापे के बाद अधिकारियों को काफी कुछ हाथ लगा है। हालांकि सेंट्रल जीएसटी छापामार कार्रवाई के बाद अधिकारियों ने क्या कार्रवाई की, इस विषय पर अधिकारियों ने अधिकृत जानकारी देने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि गोपनीय मामला है, इसलिए संपूर्ण कार्रवाई के बाद जानकारी दी जाएगी।

### एजेंसी संचालक के साथ उनके परिवार जनों और स्टाफ से भी की पूछताछ


कार्रवाई : व्यापारियों में हड़कंप, कुछ के भूमिगत होने की चर्चा
सेंट्रल जीएसटी की विनय एजेंसी में दबिश, 10 घंटे से अधिक दुकान व गोदाम के दस्तावेज खंगाले




# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियों को लेकर हुई गायत्री परिवार की गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ डौंडीलोहारा में 21 से 24 दिसंबर तक होगा कार्यक्रम





अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा में जिला स्तरीय कार्यकर्ता गोष्ठी रखी गई। गोष्ठी में डौंडीलोहारा में आगामी 21 से 24 दिसंबर को होने वाले जिला स्तरीय इनक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ को भव्य और सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए विभिन्न विभागों का गठन किया गया। इस दौरान दानदाताओं से भी दान राशि की घोषणा कराई गई। जिला स्तरीय यज्ञ समिति के अध्यक्ष भोलाराम साहू, उपाध्यक्ष गोवर्धन उर्वशा, सचिव मिलन सिन्हा, सहसचिव विरेन्द्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष प्रज्ञानंद बगमरिया सह कोषाध्यक्ष पुराणिक लाल सोरी बनाए गए। यज्ञ के प्रचार प्रसार प्रत्येक गांव में हो तथा विचार क्रांति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किए गए। आगामी 1 दिसंबर को इनक्यावन कुंडीय गायत्री महायज्ञ की भूमि पूजन करने पर निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम में जिला के जिला समन्वयक विशाल सिंह अठनागर, सह समन्वयक दशरथ कलिहारी, डौंडीलोहारा ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू, गुरुर ब्लॉक समन्वयक धन सिंह गंजीर, डौण्डी ब्लॉक समन्वयक नंदकिशोर पिस्दा, गुण्डरदेही ब्लॉक समन्वयक चंद्रिका प्रसाद चंद्राकर, बालोद ब्लाक समन्वयक लोचन प्रसाद साहू, पीएल सोनवानी, गोवर्धन उर्वशा सहित विभिन्न गांवों से लगभग 200 कार्यकर्ता शामिल हुए।

## संयुक्त शिक्षक महासंघ 11 के आंदोलन में होगा शामिल, मशाल रैली निकलेगी

**रायपुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 11 सितम्बर को डीए एरियर्स सहित कर्मचारियों की अन्य मांगों को लेकर एक दिवसीय मशाल रैली निकाली जायेगी। इस आंदोलन में संयुक्त शिक्षक महासंघ शामिल होगा। दर्जनभर शिक्षक संगठनों की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष राजनारायण द्विवेदी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि डीए की घोषणा जल्द करें। संयुक्त शिक्षक महासंघ और प्रदेश शिक्षक महासंघ के अध्यक्ष राज नारायण द्विवेदी, संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष केदार जैन, गवर्नमेंट एम्प्लाइज एसोसिएशन वेलफेयर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग सर्व शिक्षक संघ के संयोजक विवेक दुबे, शालेय प्रधान पाठक संघ के मनोज साहू ने संयुक्त रुप से बताया कि 11 सितम्बर को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के मशाल जुलूस एवं रैली में सभी शिक्षक संगठनों के सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल होंगे। विदित हो, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन में प्रदेश ज्यादातर विभागों के कर्मचारी संगठन जुड़े हैं।

# पुलिस शहीदों को दी श्रद्धांजलि सैनिकों के साहस को किया याद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव के नेतृत्व में विभिन्न राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, सीएपीएफ का प्रतिनिधित्व करने वाले पुलिस अधिकारियों का 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स मेमोरियल में एकत्र हुआ। इस दौरान एन. प्रकाश रेड्डी, डीआइजी, तेलंगाना पुलिस समूह के उपनेता थे। दीपक कुमार शर्मा, आरआई ने पुलिस प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में छत्तीसगढ़ पुलिस का प्रतिनिधित्व किया। एकजुटता दिखाने के लिए आईटीबीपी, आईटीबीएफ और भारतीय सेना के वीर अधिकारी और जवान जो अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच एलएसी पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं, वे भी शहीदों को सलामी देने के लिए पुलिस दल में शामिल हुए। पुलिस प्रतिनिधिमंडल को 86 वर्षीय वयोवृद्ध और जीवित किंवदंती और गश्ती दल के सदस्य सोनम दोरजे से मिलने का सम्मान मिला, जो 21 अक्टूबर 1959 के दौरान चीनी सैनिकों के खिलाफ बहादुरी से खड़े थे, जहां उन्हें पकड़ लिया गया था। उनका लचीलापन और साहस इतिहास का एक प्रेरक अध्याय बना हुआ है।

योजना में शहरीकरण का एक समुचित ढांचा बनेगा

# एससीआर बनाने प्लानिंग पूरी, जल्द ही प्रोजेक्ट पर शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



देश की राजधानी दिल्ली के समीप एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन) की तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार भी एससीआर बनाने जा रही है। इस प्रोजेक्ट की प्लानिंग पूरी हो गई है और अब जल्द ही प्रोजेक्ट का काम शुरू किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार के एससीआर प्रोजेक्ट यह एक बड़ी प्लानिंग का हिस्सा है। देश में दिल्ली के आसपास नेशनल कैपिटल रीजन बनाया गया था, ताकि बड़े लेवल पर अर्बन प्लानिंग हो सके। उसी तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन की घोषणा की गई है, इसके लिए काम शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले प्लानिंग का काम होगा, ताकि यहां बड़े स्तर पर लॉन्ग टर्म के लिए काम हो सके। नया रायपुर, रायपुर, दुर्ग-भिलाई को शामिल करके स्टेट कैपिटल रीजन बनाया जाएगा। तीनों शहर की आबादी को मिला दिया जाए, तो यह आबादी 50 लाख से ऊपर है। योजना में शहरीकरण का एक समुचित ढांचा बनेगा। एससीआर को बनाने के लिए प्रस्तावित क्षेत्र का एक मानचित्र तैयार होगा. इसमें शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, पुरातात्विक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक के अलावा धार्मिक और पर्यटन को ध्यान में रखा जाएगा। जिसके लिए संबंधित विभागों द्वारा एससीआर योजना व डीपीआर बनाने की तैयारी चल रही है।

### नवा रायपुर के विकास के लिए 206 करोड़ का बजट

नवा रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर काम जारी है। जिसमें अटल नगर में स्थित केंद्रीय विद्यालय, मेडिकल, हब व अन्य कई ऐसे आंतरिक मार्गों को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा। नवा रायपुर स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन के लिए 206 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान रखा गया है। नवा रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत कई निर्माण चल रहे हैं। दोनों शहर स्मार्ट सिटी के रूप में तेजी से विकसित हो रहे हैं।

### चारों शहरों का तेजी से होगा विकास

एससीआर योजना के तहत चारों शहरों का विकास तेजी से किया जाएगा। लोगों के लिए बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ रोजगार के लिए भी अवसर बढ़ेंगे। दिल्ली मेट्रो की तरह इन शहरों में भी लाइट मेट्रो चलाने की योजना है, जिसमें लगभग 4 सौ करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। स्मार्ट सिटी योजना के तहत रायपुर, नवा रायपुर में सड़कों, तालाबों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

# कैद में रह रहे सोनू को गणेश चतुर्थी के दिन छोड़ने मेनका गांधी की मार्मिक अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्रीमती गांधी ने अपील करते हुए कहा कि इस गणेश चतुर्थी पर आइए दया और करुणा के लिए खड़े होकर भगवान गणेश का सम्मान करें। सोनू 8 साल से बंधा हुआ है- अब उसे आजाद करने का समय आ गया है। श्रीमती गांधी ने इंस्टाग्राम पर वन विभाग तथा वनमंत्रालय को टैग करते हुए सोनू के लिए अपील करते हुए कहा कि सोनू आठ वर्षों से वन विभाग के कब्जे में आठ वर्षों से दिल दहला देने वाली कैद में रहने को मजबूर है, उसकी आजादी छीन ली गई है, उसकी आत्मा धीरे-धीरे फीकी पड़ रही है। श्रीमती गांधी ने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन से सोनू को रिहा करने आग्रह करते हुए जंगल में छोड़ने की अपील की है। अपने पोस्ट में मेनका गांधी ने सोनू की आजादी के लिए रास्ता साफ करते हुए उसके पैरों में बंधी जंजीर तोड़ जंगल में नई जिंदगी जीने देने के लिए अपील की है।



### 12 वर्ष की उम्र से सोनू वन विभाग की कैद में

सोनू हाथी को वन विभाग ने वर्ष 2015 को अचानकमार टाइगर रिजर्व में पकड़ा था। तब सोनू की उम्र महज 12 वर्ष की थी। सोनू पर कई लोगों की जान लेने के आरोप के साथ लोगों के घर तोड़ने के आरोप लगे थे। वन विभाग सोनू द्वारा किसी की जान लेने का स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाए थे। सोनू को जब वन विभाग की टीम ने पकड़ा था, तब उसके पैरों में लोहे की मोटी जंजार बांध दी थी। पैरों में घाव होने की वजह से उसका उपचार वन्यजीव चिकित्सक द्वारा कराया गया। तब वन्यजीव चिकित्सक ने सोनू को चार सप्ताह बाद जंगल में छोड़े जाने की स्थिति में आने की बात कही। बाद में घाव ठीक होने के बाद सोनू के इंसानों के संपर्क में आने की वजह से उसे ऐसी जगह छोड़ने के लिए कहा जहां हाथियों की आवाजाही ज्यादा रहती है, जहां वह अन्य हाथियों के साथ घुल-मिलकर रह सके। तब से लेकर अब तक सोनू वन विभाग के कैद में है। सोनू को जंगल में छोड़ने हाईकोर्ट भी आदेश जारी कर चुका है।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग



**रायपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधि मंत्री अरुण साव से सिविल लाइंस स्थित उनके निवास में शनिवार को जाकर भेंट की और छत्तीसगढ़ में जल्द से जल्द एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। साथ ही राजधानी रायपुर के जिला अधिवक्ता संघ में लगभग 4100 पंजीकृत अधिवक्ताओं को बैठने की समस्या को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बिल्डिंग निर्माण करने के लिए भी आर्थिक सहयोग मांगा। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ रायपुर के प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए विधि मंत्री श्री साव ने मांगों को पूरा करने के लिए शासन स्तर पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वाले जिला संघ के अध्यक्ष हितेंद्र, किशोर ताम्रकार, महिला सचिव गायत्री साहू, सागर पांडे, अंकित फूलझेले, सावित्री नायक शामिल थे।

## पेज 9 के शेष

### नौकरी दिलाने के नाम ...

को रिश्तेदारों ने नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी का आवेदन दिया था। रुपए को 25 अगस्त तक वापस करने का समय दिया था। शिकायत में लिखा है कि वनरक्षक भर्ती में नौकरी लगाने रकम ली थी। पीड़ित लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 70 लोग हरेश नेताम व देवेंद्र कुमेटी के माध्यम से लगभग एक करोड़ से ज्यादा की रकम दी थी। लेकिन, न तो नौकरी मिली और न ही रूपए मिले। उन्होंने कहा कि ठगी की रकम दिलाने के साथ ही ठगी करने वालों पर कार्रवाई की जाए। बालोद पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, नगर पुलिस अधिक्षक चित्रा वर्मा, थाना प्रभारी मुकेश सिंह, सुनील तिर्की ने पीड़ितों के बयान के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही। वहीं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर एवं डोंडी प्रवास पर पहुंचे जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बालोद के अजय अग्रवाल ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### टेकवाडीह में तिजहारिनों ...

साहू, राधिका साहू, वंदना साहू ने बताया कि युवा संगठन द्वारा किया गया। बहनों ने कहा कि इस तरह का आयोजन हर वर्ष होता रहे जिससे कि हम सभी संगी साथी पुरानी यादें ताजा कर सकें।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप



### अलग-अलग वाहनों से पंडालों में पहुंचे भगवान श्री गणेश

**गुरूर।** गणेश चतुर्थी पर नगर सहित अंचल में भगवान गणेश की छोटी-बड़ी मूर्तियों की धूमधाम से स्थापना की गई। सुबह से शाम तक भगवान गणेश की मूर्तियां स्थापित की गई। लोगों ने दो पहिए से लेकर ट्रैक्टरों में भगवान की मूर्तियां को ले गए। गणेश पंडालों को भव्य एवं आकर्षक रूप दे कर सजाया गया। पंडालों को आकर्षक बनाने के लिए झालरों से एवं फूलों से सजाया गया है।

### धूमधाम से मनाया जा रहा है बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव



**बालोद।** 4 सितंबर से बाबा रामदेव जी का जन्मोत्सव पर्व प्रारंभ हुआ है। प्रतिवर्षानुसार भादव सुदी दूज से श्री रामदेव बाबा जी का जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम 4 सितंबर को अखण्ड ज्योति प्रज्जलित की गई। उसके बाद रात्रि जम्मा जागरण, यह पर्व 11 दिनों तक मनाया जा रहा है। इस बीच बाबा का जन्मोत्सव, छप्पनभोग का प्रसाद, हवन, महाप्रसादी, भव्य शोभायात्रा, सुप्रसिद्ध जम्मा गायक देवेंद्र राठी की 8 सितंबर को मन्दिर प्रागण में प्रस्तुति हुई। प्रतिदिन दोपहर को महिला मंडल द्वारा भजन व सुबह शाम महाआरती की जा रही है।

### अनुपमा विंग्स ऑफ स्टील पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के एमडब्ल्यूआरएम विभाग की महाप्रबंधक अनुपमा कुमारी को नई दिल्ली में 4 सितंबर को भारतीय स्टील एसोसिएशन के विंग्स ऑफ़ स्टील पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्हें आईएसए स्टील अवार्ड की जेंडर एंड डायवर्सिटी श्रेणी के अंतर्गत इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार नई दिल्ली स्थित द ललित होटल में दिया गया, जहां आईएसए स्टील कॉन्क्लेव के दो दिवसीय 5वें संस्करण का आयोजन किया गया था। यह पुरस्कार 4 सितंबर को इसके उद्घाटन सत्र के दौरान सेल-बीएसपी की अनुपमा कुमारी को प्रदान किया गया। महाप्रबंधक अनुपमा कुमारी ने आईएसए लिंग विविधता पुरस्कार 2024 जीतकर सेल-बीएसपी का नाम रौशन किया है।

---

जामगांव आर में निर्माणकार्यों के लोकार्पण व भूमिपूजन समारोह के दौरान दिलाया भरोसा

# जामगांव आर को ब्लाक बनाने की मांग जायज, किया जाएगा पूरा प्रयास : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

जामगांव आर को ब्लाक बनाने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। वहीं, इस मांग का समर्थन करते हुए सांसद विजय बघेल ने इसके लिए पूरा प्रयास किए जाने की बात कही है। यह बात उन्होंने लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। सांसद विजय बघेल ने कहा कि उन्होंने कहा कि जामगांव आर में कालेज खुल जाने से शिक्षा का स्तर बढ़ा है। संसदीय कार्यकाल में ही जामगांव आर को ब्लाक बनाने की प्रक्रिया चली थी, जामगांव आर को ब्लाक बनाने की मांग जायज है। निश्चित तौर पर प्रयास किया जाएगा। विडंबना है कि विधायक ने मुख्यमंत्री बनने के बाद 5 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया लेकिन विकास करने में नाकाम रहे। सांसद विजय बघेल ने तीजा पर्व पर आई सभी मातृशक्तियों को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आम जनता का प्रेम धरोहर है। प्रतिकूल परिस्थिति में संबल प्रदान करता है, चुनौतियों को सरलता व धैर्य के साथ निपटने के लिए रास्ता दिखाता है।

इससे पहले ग्राम पंचायत जामगांव आर में गुरूवार को सांसद विजय बघेल ने ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित व्यवसायिक परिसर एवं सेन समाज अहाता निर्माण का लोकार्पण किया। सचिव नरेश कुमार महतो ने बताया कि ग्राम पंचायत एवं जनभागीदारी द्वारा 18 दुकानों का व्यवसायिक परिसर बनाया गया है, जिसका आबंटन समारोह में क्रमशः नाम पर्ची निकाल कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी सरपंच राजकुमार ठाकुर, मंडल महामंत्री द्वय तेजेंद्र पिपरिया, राजेश बंछोर, पूर्व महामंत्री भगवान सिंह चंद्राकर, पूर्व कोषाध्यक्ष नरेश केला, उपसरपंच देवकी चंद्राकर, पूर्व सरपंच कन्हैयालाल साहू, मेघनाथ सागरवंशी, सीताराम साहू, राकेश शर्मा, युवामोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश साहू थे।



### भाजपा मंडल अध्यक्ष ने उठाई जामगांव आर को ब्लाक बनाने की मांग

राष्ट्रपति से स्वीकृत जामगांव आर को ब्लाक बनाने की मांग मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने सांसद के समक्ष उठाई। उन्होंने कहा कि 5 साल विधायक बनाकर आमजनता ने तत्कालीन मुख्यमंत्री से बड़ी उम्मीद की थी, लेकिन पानी फिर गया। विधायक ने जामगांव आर के लिए कुछ भी नहीं किया, जामगांव आर जैसे हृदय स्थल के साथ छल कपट किया और कुछ भी विकास नहीं किया। उन्होंने कहा कि संसदीय सचिव रहते हुए विजय बघेल ने जामगांव आर को भवन सहित सुसज्जित शासकीय कालेज दिया, जो वरदान साबित हुआ। विशेषकर क्षेत्र की बेटियां स्नातक स्तर तक पढ़ाई कर नाम रोशन कर रही हैं। मनीष जैन ने शासकीय कालेज में पोस्ट ग्रेजुएट स्तर तक अपडेट करने की मांग की। इसके साथ ही जामगांव आर में जल्द से जल्द शासकीय अस्पताल खोलने की मांग की गई।

### शासन की योजनाओं का पूरा लाभ आमजनता को दिलाएं

जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने कहा कि भाजपा अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रियता बरते। इससे लोग लाभान्वित होंगे तभी आपकी लोकप्रियता और आपको आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

### बेलहारी में लोकार्पण व भूमिपूजन

इसी दिन बेलहारी में सांसद विजय बघेल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिरिक्त कमरे एवं गड़रिया समाज सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में अहाता व गेट निर्माण एवं सेजस किचन शेड निर्माण तथा ग्राम में एक पक्की नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। अध्यक्षता दक्षिण पाटन मंडल भाजपा अध्यक्ष लालेश्वर साहू की। विशेष अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन मंडल अध्यक्ष नारद साहू, प्राचार्य वाई के साहू बूथ अध्यक्ष रामसिंग बसोर थे।

---



# शाला प्रबंधन समिति विनायकपुर ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शाला प्रबंधन समिति विनायकपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय और पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर के सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों को नारियल व पेन भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना और सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो पर पुष्प अर्पित कर हुआ।

स्वागत भाषण में मोतीलाल मारकण्डे (अध्यक्ष एसएमडीसी) द्वारा सभी राष्ट्र निर्माता शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई के साथ जीवन में गुर की महत्ता पर प्रकाश डाले। स्मृति सोनी ने शिक्षकों की महिमा के बारे में बताया गया। शाला के प्राचार्य मनजीतसिंह राजपूत द्वारा सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन के साथ ही साथ अपनी उपलब्धि पर गुरूकृपा पर प्रकाश डाले। सरपंच ललिता भूषण गजपाल ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मिडिल स्कूल की प्रधान पाठक संध्या शिवरामवर, किशोर दिल्लीवार संकुल समन्वयक, चन्द्रहास साहू प्रधान पाठक गांधीभांठा अंडा, पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं शाला परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष भामिनी राज, सात्यिकी देवांगन, गोदावरी देवांगन, ललितबाई साहू, लक्ष्मी साहू, यशवंत साहू, ज्योति गजपाल, जगन्नाथ देवांगन, रमेश गजपाल, इन्द्राणी दिल्लीवार, निलेश साहू, डॉ. सीडी देवांगन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दूरदर्शन एवं आकाशवाणी लोक कलाकार त्रेता चन्द्राकर ने किया।

---

# हम पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्य से ज्यादा सदस्य बनाएंगे : जयेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भाजपा संगठन द्वारा जारी सदस्यता महाअभियान 2024 के तहत जिले भर के भाजपा पदाधिकारी तथा सदस्य जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू की अगुवाई में पार्टी का सदस्य बनाने के लिए सक्रिय हो गए हैं।

- भाजपा जिला मंत्री ने कहा- सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

भाजपा के जिला मंत्री जयेश ठाकुर ने बताया कि जिलाध्यक्ष पवन साहू के मार्गदर्शन में संगठन द्वारा जारी डिजिटल माध्यम से स्वयं सदस्य बनने के बाद और भी लोगों को संगठन से जोड़कर भाजपा के विचारों का विस्तार किया जा रहा है। राष्ट्रभक्ति तथा अंत्योदय की भावना को आगे बढ़ाने का काम भाजपा द्वारा लगातार किया जा रहा है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता भाजपा के विचारधाराओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संवाहक का कार्य कर रहे हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है तथा लगातार सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम इस वर्ष भी सभी संगठन द्वारा दिये गए लक्ष्य से ज्यादा सदस्य बनाएंगे।

### सबसे पहले देश, फिर संगठन उसके बाद व्यक्ति

भाजपा जिला मंत्री जयेश ठाकुर ने कहा कि संगठन की कार्यशैली ऐसी है कि सबसे पहले देश आता है उसके बाद पार्टी तथा उसके बाद स्वयं व्यक्ति आता है। संगठन का प्रत्येक सदस्य राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए काम करता है। राष्ट्रप्रेम की विचार धारा को देश में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संगठन द्वारा किया जाता है। इसी तरह समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़ने का काम भी संगठन के विचार धाराओं के साथ किया जाता है।

---

# मड़ियाकट्टा विद्यालय में बच्चों ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

विकासखंड के आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना किया गया। उसके बाद बच्चों ने शिक्षकों को गुलाल अक्षत तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ, पेन व श्रीफल भेंटकर स्वागत सम्मान किया। बच्चों द्वारा गुरु वंदना प्रस्तुत की गई। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधानपाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को शिक्षक दिवस के शुभकामनाएं देते हुए शिक्षक दिवस महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शिक्षक दिवस अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान व आभार प्रकट करने का दिन है।

शिक्षक ही हमारे जीवन से अज्ञानता के अंधकार को दूर कर उसे ज्ञान के प्रकाश से भरते हैं। शिक्षक हमें सिर्फ पढ़ाते नहीं है, बल्कि हमारे भविष्य को आकार भी देते हैं, हमें जिम्मेदार नागरिक भी बनाते हैं।

इस अवसर शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



---

# निवारीकला के शिक्षक योगेश्वर को मिला डॉ. भीमराव आम्बेडकर समता अवॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा शिक्षक दिवस को शिक्षक स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले छत्तीसगढ़ के शिक्षकों का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र, शॉल और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में नेवारीकला निवासी योगेश्वर कुमार साहू को शिक्षा के क्षेत्र में अति विशिष्ट योगदान, नवाचारी गतिविधि, खेल खेल में शिक्षा, गरीब निर्धन छात्र छात्राओं को सहयोग और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अकादमी द्वारा डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर समता अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- भारतीय दलित साहित्य अकादमी ने शिक्षक दिवस पर किया सम्मानित



अकादमी के संस्थापक और प्रांत अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद बंजारे ने कहा कि अनेक शिक्षक गांव के परिवेश को समझते हुए इनके वातानुकूलित शिक्षा प्रदान करते हैं। ये शिक्षक तमाम मुसीबतों का सामना करते हुए बच्चों की शिक्षा में बेहतर परिणाम दिलाते हैं। ऐसे शिक्षकों के पास चुनौतिया हजारों हैं, सुविधा के नाम पर कुछ नहीं, फिर भी ये अपने दृढ़ संकल्प और मजबूत इरादों से इन बच्चों को सफ़लता और पहचान दिलाते हैं। , कार्यक्रम में संस्था के सचिव प्रेम साइमन और महा सचिव सुशीला देवी महर्षि, कुरैशी भी उपस्थित थे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की भी करवाते हैं तैयारी

शिक्षक योगेश्वर कुमार साहू को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के कारण विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। ये शिक्षा में नवाचारी गतिविधियों का उपयोग करते हुए बच्चों को खेल खेल में शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षण, परिवेशीय शिक्षा, भय मुक्त वातावरण, गरीब निर्धन छात्र छात्राओं पर विशेष ध्यान देते हुए अतिरिक्त कक्षा संचालन करते हैं। इसके साथ ही नवोदय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था भी करते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर बीईओ, विकास खण्ड स्रोत समन्वयक और डीईओ सहित शाला परिवार के सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

---

### स्ट्रीट लाइट में लगाए गए बैनर पोस्टर हटाए गए

**भिलाई।** नगरपालिक निगम भिलाई क्षेत्र में सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक रोड के मध्य स्ट्रीट लाइट लगाए गए है। जिससे सुंदरता बनी रहती है। शाम के समय जलते हुए लाइट बहुत खूबसूरत दिखते हैं। बिना अनुमति के वहां पर लगाए गए बैनर पोस्टर को निगम के राजस्व अमला द्वारा हटाया गया। गौरतलब है कि सड़क को आकर्षक दिखने के लिए आधुनिक स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं बिना अनुमति के रात के समय लाइट के पोल के ऊपर बैनर पोस्टर लगा दिए जाते हैं। जिससे स्ट्रीट लाइट खराब हो जाती है। आने जाने वालों के लिए परेशानी का सब बन जाता है। दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इसको देखते हुए सड़कों पर से लगाए गए बैनर पोस्टर को हटाया जा रहा है।

# सदस्यता अभियान के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के स्व बंशीलाल जैन शक्ति केन्द्र क्रमांक 02 की बैठक हुई। बैठक में जिला सदस्यता अभियान टोली के सदस्य कमलेश सोनी ने शक्तिकेन्द्र के कार्यकर्ताओं को प्रचार सामाग्री का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्यों से वार्ड के घर-घर जाकर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने को कहा। उन्होंने सदस्यता अभियान में लोगों को प्राथमिक सदस्य बनाने के लिए सभी औपचारिकता पूर्ण करने नमो एप के माध्यम से करने की बात कही। श्री सोनी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को इसका प्रशिक्षण भी दिया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र सदस्यता अभियान प्रभारी विनोद जैन, मोनू, पार्षद रिच्छेद मोहन कलिहारी, मंडल महामंत्री नरेंद्र सोनवानी, पूर्व पार्षद दीपक देवांगन, धन्नू जैन, सुनील यादव, अमित दुबे, शेखर यादव, रामस्वरूप यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### हिंदी को आत्मसात करें, तभी होगी राजभाषा की सार्थकताः पवन कुमार

**भिलाई।** बीएसपी इस्पात उत्पादन के साथ देश की कला, संस्कृति, साहित्य और भाषा आदि के उत्तरोत्तर प्रगति के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य करता है। राजभाषा हिंदी की समृद्धि और विकास की दिशा में भी सतत प्रयासरत किया जा रहा है। इसी कड़ी में संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा इस्पात भवन में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। पवन कुमार ने राजभाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यालयीन कार्यों में इसका अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

